# जागरण : सीहोर : शाजापुर : देवास

www.dainikjagranmpcg.com ✹ आष्टा ✹ भैरूंदा ✹ बुधनी ✹ बैरछा ✹ शुजालपुर ✹ सोनकच्छ ✹ कालापीपल ✹ हाटपीपल्या ✹ खातेगांव सीहोर, 18 जनवरी 2026


## न्यूज कार्नर

### परीक्षा के आवेदन 28 तक होंगे जमा

**सीहोर।** स्कूल शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित सीहोर के अग्रणी शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1, सीहोर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 8 फरवरी 2026 को आयोजित की गई है। जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी है। विद्यार्थी राज्य ओपन स्कूल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन दिनांक 28 जनवरी 2026 तक कर सकते है। विदित है कि संस्थान में प्रवेश ऑनलाइन परीक्षा के माध्यम से ही होता है। संस्था प्राचार्य सुनीता जैन ने बताया कि विद्यालय में अध्ययन करने वाले बालक-बालिकाओं को शासन की समस्त योजनाओं का लाभ दिए जाने के साथ-साथ दूर दराज के बालक और बालिकाओं के लिए पृथक-पृथक 100-100 सीटर छात्रावास की सुविधा भी उपलब्ध है। आवेदन के लिए छात्र-छात्रा वर्तमान सत्र में कक्षा 8वी में अध्ययनरत होना चाहिए। छात्र-छात्रा को प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण होने के साथ-साथ कक्षा 8वी में न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक अथवा सी ग्रेड प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

### पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता की ट्रायल

**सीहोर।** सीहोर जिला पावर लिफ्टिंग ऐसोसिएशन के महासचिव सत्यनारायण वारिया ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि आगामी दिनांक 13,14 फरवरी को सीहोर के क्रि सेंट ग्रीन गार्डन में आयोजित होने होने जा रही है। जिसको लेकर खिलाडि?ों के चयन हेतु आज दिनांक 18 जनवरी 2026, दिन रविवार को प्रात: 10 बजे चर्च ग्राउण्ड के पास जिला खेल अधिकारी परिसर में खिलाडियों की प्रतिभानुसार चयन किया जावेगा। जो भी खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेना चाहता हो वह अपने आधार कार्ड, मार्कशीट एवं जन्म प्रमाणपत्र के साथ ट्रायल स्थल पर नियत समय पर उपस्थिति दर्ज करा सकते हैं।

### कमिश्नर कांफ्रेंस 21 जनवरी को होगी

**सीहोर।** मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन की अध्यक्षता में आगामी 21 जनवरी 2026 बुधवार को कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस के प्रतिवेदन की समीक्षा बैठक सुबह 11 बजे से मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल में होगी। कांफ्रेंस में कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक कांफ्रेंस के बिंदुओं के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा होगी।मंत्रालय में होने वाली इस कांफ्रेंस में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी सम्मिलित होंगे जबकि कलेक्टर,कमिश्नर और पुलिस अधीक्षक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सहभागिता करेंगे।

### 1050 खिलाड़ी जिले में सहभागिता करेंगे

**सीहोर।** जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 21 खेलों हॉकी, बॉक्सिग, एथलेटिक्स, खो-खो, तैराकी, टेबल टेनिस, मल्लखंब, कुश्ती, जूड़ो, शतरंज, वेटलिफिटिंग फुटबॉल, व्हालीबॉल किकेट, बैडमिंटन, पिट्ढ, बास्केटबॉल, टेनिस, योगासन, रस्साकशी, कबडडी के 1050 खिलाडी प्रतियोगिता करेगें। जिसका उद्घाटन 19 जनवरी 2025 को बजे वृहद खेल परिसर सीहोर में विधायक श्री सुदेश राय भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, कलेकअर श्री बालागुरु के. पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला सहित खेल संघों के अध्यक्ष व सचिव के आतिथ्य में दोपहर 2.00 बजे किया जावेगा।

### सीहोर-श्यामपुर फोरलेन की बड़ी सौगात

सीहोर। जिलेवासियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। सीहोर से श्यामपुर तक फोर लेन सड़क का निर्माण किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण परियोजना की घोषणा केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने की। यह सौगात क्षेत्रीय विधायक सुदेश राय के आग्रह पर मिली है। करोड़ों रुपये की लागत से बनने वाली इस फोरलेन सड़क से सीहोर से श्यामपुर तक आवागमन पहले से कहीं अधिक सुलभ और सुरक्षित होगा। सड़क पर आधुनिक डिवाइडर, स्ट्रीट लाइटिंग सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी, जिससे यातायात व्यवस्था बेहतर होगी और दुर्घटनाओं में कमी आएगी। बताया गया कि विधायक सुदेश राय ने इस सड़क निर्माण को लेकर केंद्रीय मंत्री को पत्र भेजकर क्षेत्र की आवश्यकता से अवगत कराया था।

---

**जिले की सीमा रेखा से झागरिया जोड़ तक बन रही सड़क से यातायात प्रभावित, हो रहे हादसे?**

# लोनिवि की धीमी गति से बन रही सड़क ग्रामीणों के लिए बनी मुसीबत

**जागरण, सीहोर।** जिले की सीमा रेखा खुरचनी से शहर के बिलकिसगंज जोड़ तक निर्माणाधीन फोरलेन सड़क का निर्माण कार्य धीमी गति से चलने और बीच सड़क पर पड़ी निर्माण सामग्री अब वाहन चालकों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों से शहर की ओर आने वाले ग्रामीणों के लिए मुसिबत का सबब साबित होने लगी है इस मार्ग पर आए दिन हादसे तो हो ही रहे हैं। वहीं रात के समय दो पहिया वाहन चालको की आवाजाही खतरे से खाली नहीं है। निर्माण ऐजेंसी और लानिवि की लापरवाही के चलते बीते दिनों इस मार्ग एक 25 वर्षीय युवक हादसे का शिकार हो गया जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में लाया गया।



### बरत रहे लापरवाही

ग्राम खुरचनी से सीहोर झागरिया जोड़ तक बनने वाली इस सड़क के निर्माण में निर्माण ऐजेंसी और लोनिवि की लापरवाही तो सामने आ ही रही है। वहीं इस मार्ग पर अब वाहन चालकों को भी सतर्कता से अपने वाहन चलाने को मजबूर होना पड़ रहा है। जगह जगह सड़क का बेस बनाने के लिए गिट्टी और मुरम के ढेर जहां यातायात को बाधित कर रहे हैं तो वहीं इस मार्ग पर उड़ती धूल वाहन चालकों के लिए तो मुसिबत बन ही रही है। वहीं मार्ग के आसपास के ग्रामवासियों के लिए भी परेशानियों का कारण बन रही है। उड़ती धूल के कारण जहां त्वचा संबंधी रोग हो रहे हैं तो वहीं ग्रामीणों में सांस की बीमारियां भी घर करती जा रही है। लेकिन सड़क निर्माण में लगे लोगों को इस बात से कोई सरोकार नहीं है धीमी गति से किए जा रहे कार्य का खामियाजा ग्रामीण भुगत रहे है।

### नहीं लगे संकेतक बोर्ड और रिफ्लेक्टर

दिन के समय तो वाहन चालक ऐहतियात बररते हुए आवाजारही करते हैं लेकिन सांझ ढंलने के बाद वाहन चालकों को इस मार्ग से आनाजाना दूभर हो जाता है क्योंकि न तो निर्माण ऐजेंसी और न ही लोनिवि द्वारा मार्ग पर संकेतक बोर्ड या फिर रिफ्लेक्टर नहीं लगाए जाने से वाहन चालकों को आए दिन इस मार्ग पर दुर्घटना का शिकार होना पड़ता है। बीते दिनों ग्राम छापरी निवासी रीतेश बारेला जब अपनी बाईक से बिलकिसगंज जोड़ से निकल रहे थे उस मसय बीच सड़क पर लगा गिट्टी का ढेर दिखाई नहीं देने से वह बाईक सहित दुर्घटनाग्रस्त होकर घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में पहुंचाया गया जहां उनके पैर में फ्रेक्कर की पुष्टि हुई।

### ग्रामीणों में आक्रोश

इस मार्ग पर सड़क निर्माण की धीमी गति से वाहन चालक की परेशान नहीं हो रहे हैं। लेकिन आए दिन हो रहे सड़क हादसों से ग्रामीणों में आक्रोश की स्थिति बनने लगी है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण करने वाले ठेकेदार द्वारा सुरक्षा मानकों को दरकिनार करते हुए सड़क पर जगह-जगह गड्ढे खोद दिए हैं। वहीं मुरम ओर गिट्टी के ढेर सड़क पर लगा दिए जाने के कारण आए दिन ग्रामीण जन जो अपने वाहन से शहर की ओर आवाजाही करते हैं गिरकर चोटिल भी हो रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार और जिम्मेदार पीडब्लूडी अधिकरियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इस संबंध में लोनिवि के कार्य पालन यांत्री बीएल अहिरवार का कहना है कि ग्रामीणों से मिली शिकायत के आधार पर ठेकेदार को निर्माणाधीन सड़क पर संकेतक और रिफ्लेक्टर लगाने के निर्देश देते हुए सड़क निर्माण में लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्रवई की जाएगी।

---

# हाई कोर्ट के आदेश के बाद भी राठौर को नहीं मिला कब्जा

**जागरण, सीहोर।** भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को हटाए जाने और वास्तविक भू स्वामी को कब्जा दिलवाए जाने के आदेश हाई कोर्ट द्वारा दिसम्बर माह में दिए गए थे लेकिन हाई कोर्ट के निर्देशों की तहसीलदार द्वारा लगातार अवहेलना करते हुए भू स्वामी को आज तक उसकी भूमि का न तो कब्जा दिलाया गया और न ही अवैध कब्जाधारी को हटाने के लिए कोई कार्रवाई की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 21 जनवरी 2023 को राजस्व विभाग द्वारा भूमि के आसपास स्थित किसानो को सूचित करते हुए भूमि का सीमांकन करवाया गया था। सीमांकन के दौरान सर्वे क्रमांक 350/1/1 के भाग 0.020 हेक्टेयर 350/260/2 के भाग 0.244 हेक्टेयर पर अनावेदक सतीश साहू आत्मज लक्ष्मी नारायण साहू का अवैध कब्जा पाया गया था वहीं उक्त भूमि पर अनावेदक द्वारा अवैध निर्माण भी किया गया मिला था। सर्वे के दौरान जांच करने पर जांच के दौरान उक्त भूमि पर अनावेदक सतीश साहू द्वारा अवैध कब्जा और अवैध निर्माण की पुष्टि हुई थी आवेदक के अनुसार मप्र भू राजस्व सहिंता 1959 की धारा 250 के तहत ग्राम जमोनिया तालाब के तहत भूमि से अवैध कब्जा और अवैध निर्माण हटाने के निर्देश सतीश साहू को दिए गए थे।

उक्त भूमि से अवैध कब्जा हटाने के न्यायालय अपर आयुक्त भोपाल संभाग द्वारा भी आदेश पारित कर 15 दिसम्बर को यहइ बात कही थी कि उक्त भूमि पर अवैध निर्माण और कब्जा पाया गया है और न्यायालय द्वारा आवेदक की अपील स्वीकार करते हुए वर्ष 2023-24 में आदेश पारित को यथावत रखने के निर्देश दि थे। उसके बाद मामला उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा 6 जनवरी 2026 को आदेश पारित करते हुए भूमि पर अवैध कब्जाधारी सतीश साहू की अपील खरिज करते हुए तहसीलदार को उक्त भूमि से अवैध कब्जाधारी को हटाते हुए आवेदक राजेन्द्र कुमार को भूमि का कब्जा दिलाने के निर्देश दिए थे।

### एसपीएल-7 आगामी दिनों में खेला जाएगा फाइनल

**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर क्रिसेंट रेसीडेंसी ग्रुप के तत्वाधान में स्व. प्रमोद पटेल की स्मृति में आयोजित एसपीएल-7 में शनिवार को दो मैच खेले गए थे। इसमें पहला मैच क्रिकेट वारियर्स और कृष्ण ब्लास्टर के मध्य खेला गया। इस मुकाबले में कृष्णा ब्लास्टर की टीम ने सात विकेट से जीत हासिल की। वहीं एक अन्य मुकाबला काका लायंस और साइबेरियन पैंथर के मध्य मुकाबला रोमांचक रहा। इस मैच में पैंथर टीम ने एक रन से शानदार जीत हासिल की। मुकाबले के पश्चात कोतवाली थाना प्रभारी रविन्द्र यादव, एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी और कोषाध्यक्ष वीरू वर्मा ने मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया। शनिवार की सुबह पहले मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी क्रिसेंट वारियर्स की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट खोकर 127 रन बनाए थे। इसमें सलामी बल्लेबाज के रूप में उतरे विस्फोटक बल्लेबाज आदर्श राय ने 41 गेंद पर 54 रन बनाए थे। इसके अलावा जितेन्द्र जायसवाल ने 11 रन, विजय कुमार ने 25 रन और हेमंत चौरसिया ने 12 रन की पारी खेली।

---

# महिला मंडल ने हल्दी कुमकुम का किया आयोजन



**जागरण, सीहोर।** माहेश्वरी महिला मंडल सीहोर द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति के पावन अवसर पर सक्रांति मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने एक दूसरे को हल्दी-कुमकुम लगाकर आस्था के साथ उत्सव मनाया एवं एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। इसी अवसर पर प्रदेश महिला संगठन की मंशानुसार चुनाव पदाधिकारी सत्य भामा मंत्री, कांता गट्टाणी, सरोज झवर, प्रमिला साबू की उपस्थिति में चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ की गई।

माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा अध्यक्ष पद के लिए संगीता राठी एवं सचिव पद के लिए अनीता बांगड़ का नाम सर्व सम्मति से प्रस्तावित होने के कारण चुनाव पदाधिकारियों द्वारा अध्यक्ष पद पर संगीता राठी एवं सचिव पद पर अनीता बांगड़ को चुना गया जिसका माहेश्वरी समाज की सभी महिलाओं द्वारा हर्ष ध्वनि से स्वागत किया गया। निवर्तमान महिला मंडल अध्यक्ष आभा कासट एवं सचिव हर्षा हूरकट के कार्यकाल की सराहना की गई। मंडल के अन्य पदाधिकारी शीघ्र घोषित किए जाने की कार्यवाही चुनाव पदाधिकारी की सहमति उपरांत शीघ्र की जाएगी। नव निर्वाचित अध्यक्ष संगीता राठी एवं सचिव अनिता बांगड़ को महिला मंडल की सम्माननीय सदस्य प्रतिभा झवर जिला अध्यक्ष रजनी बाहेती, प्रतिभा चांडक, लीला कुइयां, शोभा चांडक, गीता सोडाणी, ज्योति झवर, निशा मंत्री, सुधा लाहोटी, मधु धूत, मंजू मूंदड़ा, चंदन कासट, कृष्णा सोडाणी, बबीता बियानी, गायत्री साबू, अनीता सोडाणी, रानी तोषनीवाल, शिवानी कासट, शशि झवर, रश्मि बाहेती एवं सभी समाज जनों द्वारा बधाई दी गई।

---

# सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आज किया जाएगा भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ, नगर भंडारे का आयोजन

**जागरण, सीहोर।** संपूर्ण जिले में पहली बार शहर के गंज के समीपस्थ करोली वाली माता मंदिर में संयुक्त मां कालका उत्सव समिति के तत्वाधान में होने जा रहे ऐतिहासिक दस दिवसीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इसका शुभारंभ रविवार को दोपहर तीन बजेश शहर के गंज स्थित राठौर धर्मशाला से भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ किया जाएगा। इस मौके पर करीब 551 से अधिक महिलाएं सिर पर कलश धारण करते हुए ब?ी संख्या में 108 विप्रजनों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, कलश यात्रा करीब एक किलोमीटर तक पुष्प वर्षा के साथ क्षेत्रवासियों ने स्वागत की तैयारियां की है। महायज्ञ को लेकर तैयारियां पूर्ण हो गई है। कार्यक्रम के अध्यक्ष विवेक राठौर, यज्ञाचार्य पंडित महादेव शर्मा और मुख्य यजमान सूत्रधार तरुण राठौर सहित अन्य ने माघ की गुप्त नवरात्रि में समस्त शहरवासियों के द्वारा कराए जा रहे दिव्य अनुष्ठान में शामिल होने की अपील की है। शनिवार को महायज्ञ से पहले करीब 45 से अधिक जो?ों को हिमाद्री आदि का अनुष्ठान करवाया गया।



इस संबंध में जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी प्रदीप समाधिया ने बताया कि समस्त शहरवासियों के सहयोग से होने वाले ऐतिहासिक दस दिवसीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन जिले में पहली बार किया जा रहा है। लगातार दस दिनों तक नगरवासियों के अलावा यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए नगर भोज भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा भव्य यज्ञ शाला का निर्माण किया गया है। शाला की परिक्रमा करने के लिए श्रद्धालुओं की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि जो श्रद्धालु यज्ञ शाला में नहीं बैठ सके है, उनके लिए यज्ञ शाला के परिक्रमा की व्यवस्था की गई है। करीब 108 विप्रजनों के द्वारा दुर्गा सप्तशती के पाठ एवं हवन इत्यादि मर्यादा के अंतर्गत किए जाऐंगे।

भव्य महायज्ञ को लेकर शहर भर के संगठनों को आमंत्रित किया गया है जिनके संरक्षण में किया जा रहा है। राष्ट्र स्वंय सेवक संघ, विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल, अन्तर्राष्टीय हिन्दू परिषद, राष्टीय बजरंग दल, हिन्द रक्षक युवा समिति श्री बिटुलेश सेवा समिति, माधव महांकाल आरोग्य समिति, संडे का सुकुन, उंगली ग्रुप, मानव आधार सेवा समिति, श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर समिति, सिद्धिविनायक सेवा समिति, माँ कैलादेवी सेवा समिति, करौली माता मंदिर, माँ भवानी दुर्गा उत्सव समिति, दशहरा मैदान, जय माता दी दुर्गा उत्सव समिति, फारेस्ट कॉलोनी, गंज श्री नगर दुर्गा उत्सव समिति, बंसकार मोहल्ला, श्री राम भक्त हनुमान मण्डल, माता मंदिर सिद्धपुर, सुदामा नवयुवक संगठन, सुदामा नगर गंज सिद्धपुर, माँ कालका उत्सव समिति, गंज सिद्धपुर, माँ आशो कालका उत्सव समिति, कुम्हार मोहल्ला गंज सिद्धपुर, शीतला माता मंदिर, गंज सिद्धपुर, युवा ज्योति संगठन, बजरिया सिद्धपुर, नव दुर्गा उत्सव समिति, कोतवाली चौराहा सिद्धपुर, महाशक्ति कालका सेवा समिति, पान चौराहा सिद्धपुर, जय झूलेलाल दुर्गा उत्सव समिति, सिंधी कॉलोनी सिद्धपुर, माँ कालका उत्सव समिति, गा?ी अड्डा सिद्धपुर, नव ज्योति संगठन, नमक चौराहा सिद्धपुर, हरदौल लाला माता मंदिर, कोतवाली चौराहा सिद्धपुर, नव दुर्गा उत्सव समिति, इन्द्रा नगर सिद्धपुर सहित करीब 100 से अधिक संगठनों और सभी सामाजिक संगठनों को भव्य आयोजन में शामिल किया गया है।

### दो दिवसीय सेमिनार एवं कृषक प्रशिक्षण का जिला पंचायत सीईओ ने किया शुभारंभ

**सीहोर।** उद्यानिकी विभाग द्वारा भाऊखेड़ी के आजीविका पार्क मैं एकीकृत बागवानी मिशन के अंतर्गत दो दिवसीय जिला स्तरीय सेमिनार एवं किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने किसानों को प्रेरित करते हुए कहा कि उद्यानिकी फसलों की खेती में उन्नत तकनीकों को अपनाना चाहिए। इससे न सिर्फ बेहतर उत्पादन होगा, बल्कि किसानों की आय में भी ब?ोत्तरी होगी। कार्यक्रम में आरएके कृषि महाविद्यालय के डॉ आईएस नरुका द्वारा प्याज एवं लहसुन और उत्पादन की उन्नत तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान किसानों को अश्वगंधा की खेती के लाभों के बारे में बताया गया और अश्वगंधा की खेती के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर अमित शर्मा, श्री दीपक कुशवाहा, एनआरएलएम के डीपीएम श्री दिनेश बरफा, श्री राजमोहन पंथी, सहायक संचालक श्री जगदीश सिंह मुजाल्दा सहित अन्य अधिकारी एवं किसान उपस्थित थे।




---

**प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में**

# मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**जागरण, सीहोर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, चंद्रशेखर आज़ाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सीहोर एवं शासकीय विधि महाविद्यालय सीहोर द्वारा संयुक्त रूप से एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन एवं जागरूकता प्रशिक्षण कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन दिनांक 17/01/2026 को महाविद्यालय के नवीन सभागार में चार सत्रों में किया गया। कार्यशाल का आयोजन उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन के दिशानिर्देशों के अंतर्गत किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में बढ़ती आत्महत्या के मामलों की रोकथाम करना तथा शिक्षण संस्थाओं में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता स्थापित करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ।विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजकुमार साहू द्वारा स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यशाला के प्रथम सत्र में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा ने शैक्षणिक संस्थाओं में सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य वातावरण निर्माण पर प्रेरणादाई वक्तव्य प्रस्तुत किया। उन्होंने भूटान का उदाहरण देते हुए कहा कि प्रसन्नता बाह्य संसाधनों पर निर्भर नहीं होती। उन्होंने जीवन के संघर्षों में भी मन को सशक्त रखने के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि पीड़ा मन को परिमार्जित करती है तथा दुख हमें निखारता है।



तत्पश्चात अगले सत्र की वक्ता डॉ. प्रियंका लेंका, सहायक प्राध्यापक, नेशनल मेंटल हेल्थ रिहैबिलिटेशन इंस्टीट्यूट ने आत्महत्या रोकथाम परामर्श तकनीकों पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। उन्होंने आत्महत्या से जुड़े जोखिम कारकों और चेतावनी संकेतों से संबंधित जानकारी भी सभी के साथ साझा की। इसके पश्चात कार्यशाला के तीसरे सत्र में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, सीहोर से डॉ. अनीशा इ?क ने मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ एवं उपलब्ध संसाधन विषय पर प्रभावी वक्तव्य दिया। उन्होंने सरकारी स्तर पर उपलब्ध मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं, परामर्श सुविधाओं तथा सहायता संसाधनों की विस्तृत जानकारी सभी के समक्ष प्रस्तुत की।कार्यक्रम के अंतिम सत्र के वक्ता डॉ. राजेन्द्र कुमार जुगादे, प्राध्यापक, गीतांजलि महाविद्यालय, भोपाल रहे। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर भावपूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच और भावनात्मक संतुलन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। साथ ही शिक्षण संस्थानों में सहिष्णुता एवं संवेदनशीलता स्थापित करने की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सीहोर जिले के विभिन्न शासकीय एवं निजी महाविद्यालयों से आए गणमान्य अतिथि, प्राचार्य, प्राध्यापक एवं विद्यार्थी मिलाकर करीब 105 प्रतिभागी उपस्थित रहे।

### सीहोर और भोपाल के मध्य होगा फाइनल मुकाबला

**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर आज देश के दिग्गज खिलाड़ियों के मध्य मध्यप्रदेश फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में खेली जा रही एमपीपीएल फुटबाल प्रतियोगिता का खिताबी मुकाबला बिल्डअप सीहोर और लेक सिटी भोपाल के मध्य खेला जाएगा। दोनों ही टीम ने लीग मुकाबले में शानदार खेल का प्रदर्शन किया है। लीग मुकाबले में सीहोर टीम ने सेमीफाइनल में छिंदवाडा को कांटे की टक्कर में हराया और उनके स्टार फुटबाल पियुष थापा 10 गोल कर चुके है। इसके अलावा अनेक खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन करते हुए आ रहे है। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि इस मुकाबले में विजेता टीम को 51 हजार और उपविजेता टीम को 31 हजार की नगद राशि के अलावा ट्राफी दी प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता के फाइनल मैच के लिए एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने बताया कि सीहोर टीम ने यहां पर सीनियर खिला?ियों के साथ मिलकर शनिवार को अभ्यास मैच

## न्यूज कार्नर

### मगरिया को हराकर दर्ज की 9 वीं जीत

**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** क्षेत्र के ग्राम मगरिया में आयोजित दो दिवसीय 16-17 जनवरी बालिका क्रिकेट टूर्नामेंट में बोरखेड़ा की टीम ने अपना दबदबा कायम रखते हुए खिताबी जीत हासिल की। फाइनल मुकाबले में बोरखेड़ा ने मेजबान मगरिया टीम को 29 रनों से शिकस्त देकरट्रॉफी अपने नाम की और लगातार 9 वीं बार टूर्नामेंट जीतने का रिकॉर्ड भी बनाया। मगरिया में हुए क्रिकेट टूर्नामेंट में कुल 8 टीमों ने हिस्सा लिया था। फाइनल मुकाबले में मगरिया की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बोरखेड़ा की टीम ने बल्लेबाजी का आमंत्रण स्वीकार करते हुए निर्धारित 8 ओवरों में धमाकेदार प्रदर्शन किया और 70 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मगरिया की टीम बोरखेड़ा की सटीक गेंदबाजी के आगे टिक नहीं सकी और 8 ओवर में केवल 40 रन ही बना पाई। बोरखेड़ा की ओर से सुहाना धावरे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 25 रन बनाए और 2 विकेट भी झटके। जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वहीं पूरे टूर्नामेंट में बल्ले और गेंद दोनों से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली निशा पवार को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के खिताब से नवाजा गया।

### भागवत कथा एवं भव्य रुद्र यज्ञ होंगे

**जागरण,रमगढ़ा।** माँ नर्मदा के उत्तर तट पर स्थित धार्मिक स्थल ववरेश्वर धाम ग्राम बाबरी में आगामी 19 जनवरी से श्रीमद्भागवत कथा एवं रुद्र यज्ञ का आयोजन होगा। बाबरी गांव प्राचीन काल से ही भगवान भोलेनाथ के विशाल शिवलिंग की स्थापना के कारण बवरेश्वर धाम के नाम से जन-जन की आस्था का केंद्र बना हुआ है। सात दिवसीय इस धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ 19 जनवरी को कलश यात्रा के साथ होगा। जिसके पश्चात विधि-विधान से यज्ञ की अग्नि प्रज्वलित की जाएगी और भागवत कथा का श्रीगणेश होगा। यह आयोजन निर्माणी संत काली कमली वाले एवं रुद्र धाम के संत बजरंग गिरी महाराज के सानिध्य में संपन्न होगा। कार्यक्रम के दौरान यज्ञ आचार्य लोकेश शास्त्री द्वारा रुद्र यज्ञ संपन्न कराया जाएगा। भक्ति और श्रद्धा के इस महाकुंभ का समापन 25 जनवरी को विशाल पूर्णाहुति और महाप्रसादी (भंडारे) के साथ होगा। आयोजन समिति और ग्रामवासियों ने क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी जनता से इस आयोजन में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

### युवाओं ने लिया स्वदेशी का संकल्प

**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** नगर के शासकीय महाविद्यालय में मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय एवं स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता और स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे प्रदेश में ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत ग्रामीण विकास और जन-जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए गायत्री परिवार के वरिष्ठ पुजारी विमल ने स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विवेकानंद जैसे महामानव सदियों में एक बार अवतरित होते हैं। जिनका जीवन आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा का सबसे बड़ा स्रोत है। मुख्य अतिथि पतंजलि योग समिति के रामनारायण चौबे ने विशेष तौर से कहा कि विकसित भारत के मूल में स्वदेशी का भाव है। उन्होंने सभी से राष्ट्रहित में स्वदेशी जन-जागरण अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। सुरक्षा और जागरूकता के विषय पर चर्चा करते हुए थाना प्रभारी श्री घनश्याम दांगी ने छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों से बचने के व्यावहारिक तरीके बताए। उन्होंने सलाह दी कि किसी भी संदिग्ध कॉल या मैसेज से घबराने के बजाय तत्काल नजदीकी थाने में सूचना दें ताकि ठगी से बचा जा सके। महाविद्यालय के प्राचार्य मीणा ने समसामयिक विषयों पर अपने विचार रखे।

**प्लाट बेचना है**
भैरूंदा की मालवीय कालोनी बजरंग कुटी रोड़ पर 40X50 साईज का प्लाट बेचना है।
संपर्क करे
9630220218
11 to 17 Janu

# शिवराज की मांग पर गडकरी ने लगाई मुहरः टू-लेन से फोरलेन होगी भैरुंदा-बुधनी सड़क

**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** विकास की दृष्टि से शनिवार का दिन बुधनी-भैरुंदा (विदिशा संसदीय) क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित हुआ। विदिशा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने क्षेत्र की तस्वीर बदलने वाली बड़ी घोषणाएं कीं। क्षेत्रीय सांसद और केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की सक्रियता और जनहित की मांगों पर मुहर लगाते हुए गडकरी ने नसरुल्लागंज-रेहटी-बुधनी मार्ग को टू लेन से फोरलेन करने के लिए 1000 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। केंद्रीय मंत्री की घोषणा के बाद लंबे समय से चली आ रही इस मांग का समाधान हुआ और अब शानदार फोरलेन सड़क का निर्माण हो सकेगा। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव विशेष रूप से मौजूद थे। मंच से घोषणा होने के बाद क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गई। पूर्व में इस सड़क की घोषणा टू - लेन की गई थी। वर्तमान में भैरुंदा से बुधनी की सड़क का निर्माण चल रहा है। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री की घोषणा के बाद अब 10 मीटर चौड़ी बन रही यह सड़क फोरलेन में तब्दील हो जाएगी। नसरुल्लागंज (भैरुंदा) से बुधनी तक फोरलेन की घोषणा के बाद क्षेत्र के व्यापारियों, किसानों और आम नागरिकों में उत्साह है। क्षेत्र वासियों का मानना है कि इस फोरलेन मार्ग के बनने से भोपाल और इंदौर के बीच कनेक्टिविटी और सुगम होगी। जिससे स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

### शहर की सड़कें न हों उपेक्षित

विदिशा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधनी क्षेत्र का महत्वपूर्ण और व्यवहारिक मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि अक्सर देखा जाता है कि जब नेशनल हाईवे के तहत शहरों के बाहर से बाईपास निकलते हैं तो शहर के अंदर की पुरानी सड़कें उपेक्षित होकर गड्ढों में तब्दील हो जाती हैं। निर्माण कार्यों में देरी के कारण स्थानीय जनता को सालों तक धूल और बदहाली का सामना करना पड़ता है। चौहान ने विशेष रूप से गोपालपुर से भेरूंदा-बाड़ी मार्ग का उल्लेख करते हुए मांग की कि इस मार्ग पर पड़ने वाले सभी 8 बाईपास क्षेत्रों के अंदरूनी हिस्सों की सड़कों का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर और शानदार% तरीके से किया जाए। ताकि स्थानीय नागरिकों को सुगम आवागमन मिल सके।

### टू-लेन से फोरलेन होगा हाईवे

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शिवराज सिंह चौहान की मांगों को तत्काल स्वीकार करते हुए



मंच से ही घोषणाओं की झड़ी लगा दी। उन्होंने घोषणा की कि नसरुल्लागंज से रेहटी-बुधनी तक जो वर्तमान में टू-लेन सड़क का निर्माण चल रहा था। उसे अब भविष्य की जरूरतों को देखते हुए फोरलेन में बदला जाएगा। गडकरी ने कहा शिवराज जी की मांग जायज है। विकास का लाभ शहर के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। इस फोरलेन परियोजना और आंतरिक सड़कों के लिए मैं 1000 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान करता हूँ। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि अविलंब इसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जाए।

### चमकेंगी शहरों की सड़कें

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की मांग पर मोहर लगाते हुए नितिन गडकरी ने कहा कि गोपालपुर से बुधनी तक वन टाइम सड़क निर्माण योजना के तहत अब व्हाइट टॉपिंग सीमेंट कंक्रीट की सड़कों का जाल बिछाया जाएगा। यह तकनीक डामर की सड़कों की तुलना में कहीं अधिक टिकाऊ होती है और भारी बारिश में भी खराब नहीं होती। इस योजना के अंतर्गत बुधनी, शाहगंज, बकतरा, बाड़ी, दीपगांव, बड़नगर, बोरखेड़ा कला और भैरुंदा के शहर की आंतरिक सड़कों को नया जीवन मिलेगा। अब बाईपास बनने के बाद भी शहर के मुख्य बाजार और रिहायशी इलाकों की सड़कें धूल और गड्ढों से मुक्त होंगी।

### विकास के लिए 400 करोड़

क्षेत्रीय सांसद शिवराज सिंह चौहान की मांग पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने एक और बड़ी घोषणा करते हुए संसदीय क्षेत्र के विकास को नई रफ्तार दी। उन्होंने क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी 8 विधायकों को अपने-अपने क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए 50-50 करोड़ रुपये की विशेष राशि देने की घोषणा की। इस प्रकार कुल 400 करोड़ रुपये सीधे तौर पर क्षेत्रीय विधायकों के माध्यम से जनहित के कार्यों में खर्च किए जाएंगे। बुधनी विधायक रमाकांत भार्गव को भी विकास के लिए 50 करोड रुपए की राशि मिलेगी। जिससे बुदनी विधानसभा में महत्वपूर्ण निर्माण कार्य को गति मिलेगी।

### केंद्रीय मंत्रियों का जताया आभार

क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव ने बुधनी विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए की गई महत्वपूर्ण घोषणाओं पर हर्ष व्यक्त करते हुए केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी तथा केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है। विधायक भार्गव ने कहा कि बाईपास के अंदर शहर की अंदरूनी सड़कों का निर्माण होने से स्थानीय यातायात व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी और नागरिकों को आवागमन में सुगमता होगी। इसी के साथ उन्होंने भैरुंदा से बुधनी तक की सड़क को टू-लेन से फोर-लेन में परिवर्तित किए जाने के निर्णय को क्षेत्र की प्रगति के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। उन्होंने कहा कि इस फोर-लेन सड़क के निर्माण से बड़े शहरों के साथ हमारी कनेक्टिविटी और अधिक सशक्त होगी, जिससे व्यापार और विकास के नए रास्ते खुलेंगे। विधायक भार्गव ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को क्षेत्र का विकास पुरुष बताते हुए कहा कि उनके प्रयासों से एक बार फिर क्षेत्र के विकास के लिए यह बड़ा तोहफा मिला है। जो बुधनी की तस्वीर बदलने में सहायक सिद्ध होगा।

सिर्फ पठानकोट एक्सप्रेस का ठहराव,बाकी ट्रेनें बिना रुके गुजरतीं

# रेल सुविधा के अभाव में पिछड़ता बुधनी स्टेशन, लोगों को केवल एक ट्रेन का सहारा

**जागरण बुधनी।** नर्मदा तट पर बसे ऐतिहासिक और औद्योगिक नगर बुधनी का रेलवे स्टेशन इन दिनों लोगों की उपेक्षा और प्रशासनिक लापरवाही का प्रतीक बन गया है। जहां से रोजाना हजारों यात्री भोपाल, इटारसी, होशंगाबाद और जबलपुर जैसी जगहों के लिए सफर करते हैं, वहीं इस स्टेशन पर आज भी सिर्फ पठानकोट एक्सप्रेस का ही ठहराव है। बाकी सभी एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनें बिना रुके गुजर जाती हैं। इस वजह से स्थानीय यात्रियों में भारी नाराजगी है और रोजमर्रा की यात्रा एक बड़ी समस्या बन चुकी है।बुधनी से प्रतिदिन विद्यार्थी, व्यापारी, मजदूर और सरकारी कर्मचारी यात्रा करते हैं।

परंतु ट्रेनें न रुकने से उन्हें मजबूरन पड़ोसी स्टेशन होशंगाबाद इटारसी स्टेशन और भोपाल से जाना पड़ता है। इससे न केवल अतिरिक्त खर्च बढ़ता है, बल्कि समय की भी भारी बर्बादी होती है।स्थानीय लोगों ने बताया सुबह की गाडियों में चढ़ने के लिए हमें रात से तैयारी करनी पड़ती है। भोपाल या इटारसी जाकर ट्रेन पकड़ना बेहद मुश्किल है। बुधनी की आबादी और औद्योगिक महत्व के हिसाब से यहां कई ट्रेनों को रुकना चाहिए।महिला यात्री कहती हैंहमारे बच्चों को कॉलेज और कोचिंग के लिए रोज भोपाल जाना होता है। स्टेशन पर केवल एक ट्रेन रुकती है, बाकी सब बिना रुके चली जाती हैं। महिलाओं और बुजुर्गों के लिए यह सबसे बड़ी परेशानी है। रेलवे प्लेटफार्म पर प्लेटफॉर्म पर न तो पूरी छत है, न ही पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था। प्रतीक्षालय छोटा है वहीं पीने के पानी की व्यवस्था भी सीमित है। बरसात के मौसम में प्लेटफॉर्म पर पानी भर जाने से यात्री परेशान रहते हैं।कई बार यात्रियों को टिकट के लिए लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ता है, द्य

### सिर्फ एक ही टिकट काउंटर है

यात्रियों का कहना है कि यदि स्टेशन पर ट्रेनों की संख्या बढ़े और सुविधाएँ सुधरें, तो यहाँ का रेलवे स्टेशन पूरे नर्मदा क्षेत्र के लिए मॉडल स्टेशन बन




सकता हैद्यबुधनी के सामाजिक संगठनों, व्यापारियों और विद्यार्थियों ने रेलवे प्रशासन से कई बार ज्ञापन देकर प्रमुख ट्रेनों का ठहराव बढ़ाने की मांग की है। नागरिकों ने बताया कि यहाँ पर स्टेशन की गणना छोटे स्टॉपेज के रूप में की जाती है।बुधनी औद्योगिक और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण नगर है। वर्धमान, टाइडेंट जैसी फैक्ट्रियाँ यहाँ हैं, हजारों लोग काम के लिए यात्रा करते हैं। यदि राजकोट एक्सप्रेस झेलम एक्सप्रेस पंजाब मेल छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस गोंडवाना एक्सप्रेस, आदि ट्रेनों को यहां ठहराया हो जाए, तो न सिर्फ जनता को राहत मिलेगी बल्कि रेलवे की आमदनी भी बढ़ेगी।

रेलवे सूत्रों के अनुसार, बुधनी स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव को लेकर प्रस्ताव उच्च अधिकारियों तक भेजा गया है। उनका कहना है कि ठहराव तभी बढ़ाए जा सकते हैं जब समय-सारणी और तकनीकी अनुमति मिले। हालांकि यात्रियों का कहना है कि यह जवाब हर बार दोहराया जाता है लेकिन कभी अमल में नहीं आता।स्थानीय नागरिकों ने अपने जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि वे इस समस्या को संसद और मंत्रालय स्तर तक पहुंचाएं। यह क्षेत्र न केवल औद्योगिक रूप से, बल्कि धार्मिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है यहाँ हर वर्ष नर्मदा उत्सव, के सात देवी धाम सलकनपुर नजदीक है , जिनमें हजारों श्रद्धालु आते हैं। लेकिन ट्रेनों की कमी के कारण यात्री अन्य स्टेशनों पर उतरने को मजबूर हैं।

### राह रेल से होकर ही जाती है

बुधनी नगर के नागरिकों का मानना है कि जब शहर में इंडस्ट्री, शिक्षा और पर्यटन की संभावनाएं बढ़ रही हैं, तो रेलवे सुविधा को भी उसी अनुरूप विकसित किया जाना चाहिए। स्टेशन को मॉडल स्टेशन का दर्जा दिया जाए और कम से कम पाँच प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित किया जब बुधनी जैसी ऐतिहासिक, औद्योगिक और धार्मिक नगरी देश के विकास में योगदान दे रही है, तो उसे रेल सुविधा में पिछड़ा क्यों रखा गया है।

# लुटेरी दुल्हन गैंग के मास्टरमाइंड सहित तीन और आरोपी गिरफ्तार



**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** लुटेरी दुल्हन के माध्यम से मासूम लोगों को शादी के जाल में फंसाकर ठगी करने वाले गिरोह के खिलाफ भैरुंदा पुलिस ने निर्णायक कार्रवाई की है। पुलिस ने करीब डेढ़ महीने से फरार चल रहे गैंग के मास्टरमाइंड और उसके अन्य सहयोगियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों के पास से धोखाधड़ी की राशि में से उनके हिस्से में आए रुपये भी ज़ब्त किए गए हैं। ठगी के इस मामले का खुलासा करते हुए 6 दिसंबर को फरियादी रामबाबू गुप्ता निवासी शास्त्री कॉलोनी ने थाने में शिकायती आवेदन दिया था। फरियादी ने बताया था कि उसके साले सचिन गुप्ता के साथ फर्जी तरीके से रिश्ता तय कर रानी नाम की महिला से शादी कराई गई थी। इस शादी के नाम पर रानी के फर्जी भाई कृष्णकुमार शर्मा उर्फ मुकेश, भाभी दिव्या, राधा उर्फ राजू बाई और अनवर खान ने मिलकर 1,71,000 रुपये ऐंठ लिए और इसके बाद दुल्हन फरार हो गई। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 662/25 के तहत बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

एसडीओपी रोशन कुमार जैन और टीआई घनश्याम दांगी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पूर्व में ही मुख्य आरोपी दुल्हन रानी प्रजापति और उसकी सहयोगी दिव्या को गिरफ्तार कर लिया था। हालांकि गिरोह के तीन अन्य सदस्य मुकेश उर्फ कृष्ण कुमार शर्मा, राधा दीदी और अनवर खान घटना के बाद से ही फरार थे। पुलिस ने उनकी तलाश तेज की और आखिरकार घेराबंदी कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस गैंग में शामिल पूर्व में गिरफ्तार आरोपी रानी प्रजापति (आगरा) और दिव्या (दोराहा, सीहोर) के अलावा अब कृष्ण कुमार शर्मा उर्फ मुकेश शर्मा (भोपाल), राधा बाई उर्फ निम्मू बाई (इंदौर) और अनवर खान (देवास) को भी सलाखों के पीछे भेज दिया गया है। इस पूरे गिरोह का पर्दाफाश करने और आरोपियों को पकड़ने में एएसआई रामकृष्ण गोर, आरक्षक आनंद, आरक्षक प्रकाश और सीहोर साइबर सेल की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही।

### श्री सीताराम महायज्ञ एवं श्री राम कथा का भव्य आयोजन

**जागरण बकतरा।** बुधनी तहसील के ग्राम नांदेड़ में 17 जनवरी 2026 से 24 जनवरी 2026 तक श्री सीताराम महायज्ञ एवं श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है 17 जनवरी को विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी मां नर्मदा चुनरी उड़ाकर एवं पूजा अर्चना कर माता बहनों द्वारा सर पर कलश लेकर विशाल कलश यात्रा निकाली गई जो ग्राम गदरवास से होते हुए भारकचछ नोनभैट कुसुमखेडा नांदेड़ से होते हुए जैत मठबाई आमों बकतरा जीवनतला ठीकरी होते हुए नांदेड़ पहुंचेगी सब जगह का यात्रा का भव्य स्वागत किया गया डीजे बैंड बाजे एवं फूलों की वर्षा कर कलश यात्रा को पूरे ग्राम में भ्रमण कर यज्ञ स्थल लाया गया 108 कुंडी महायज्ञ को ऐतिहासिक बनाने के लिए ग्रामवासी वानर सेवा एवं हिंदू संगठन भक्तगण समस्त क्षेत्रवासी द्वारा बड़ी व्यापक तैयारी की गई कार्यक्रम को भव्य सुंदर बनाने के लिए तन मन धन जन विशेष सहयोग लिया गया मां नर्मदा होने से इस महायज्ञ एवं श्री राम कथा का महत्व लाख गुना बढ़ जाता है और यह यज्ञ कथा एकता की मिशाल पेश की जा रही है नांनदेर का नाम वैसे ही पूरे मध्य प्रदेश में जाना जाता है अपने ग्राम का नाम रोशन के लिए गणेश उत्सव रामनवमी हो या दशहरा हो या मां नर्मदा जयंती या रामलीला या भजन प्रतियोगिता सभी आयोजन को भव्य ऐतिहासिक बनाने की यहां की परंपरा रही है रोटी वाले बाबा के सानिध्य में तैयारी को अंतिम रूप दिया जा चुका है और श्री राम की वानर सेवा के रूप में कार्य किया गया है और सत्य सनातन हिंदू एकता भी निकल गई।

# क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन,राजा और मोहन की जोड़ी बनी विजेता

**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** नगर के युवाओं द्वारा आयोजित डबल विकेट क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन मुख्य अतिथि भारत स्काउट गाइड के जिला कमिश्नर राजेश लखेरा एवं विशिष्ट अतिथि महेंद्र सिंह परिहार की उपस्थिति में हुआ। इस रोमांचक प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में राजा और मोहन की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। वहीं पीयूष और सिद्धार्थ की जोड़ी उपविजेता (रनरअप) रही। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राजेश लखेरा ने कहा कि खेल उत्साह और एकता का उत्सव है। नगर स्तर पर ऐसे आयोजनों से युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का बेहतरीन मंच मिलता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास के लिए आवश्यक हैं। बल्कि ये युवाओं में



अनुशासन, टीम भावना और भाईचारे की भावना भी विकसित करते हैं। उन्होंने सफल आयोजन के लिए आयोजक टीम की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। विशिष्ट अतिथि महेंद्र सिंह परिहार ने अपने संबोधन में कहा कि आयोजकों की कड़ी मेहनत से तैयार इस मंच ने स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी क्षमता दिखाने का अवसर प्रदान किया है। आयोजक टीम के फिरोज खान ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मैदान पर पूर्व में भी सफलतापूर्वक डबल विकेट टूर्नामेंट आयोजित किए जा चुके हैं। इस बार प्रतियोगिता को लेकर युवाओं में भारी उत्साह देखा गया। जिसमें कुल 32 टीमों ने अपनी प्रविष्टि दर्ज कराई थी। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी प्रायोजकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इससे पूर्व अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और टॉस उछालकर मैच का शुभारंभ कराया था। इस अवसर पर राजा राठौर, गोलू जेमनी, आशु दुबे, राजा शर्मा सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और नागरिक उपस्थित थे।

विद्यार्थियों ने मंच से अपने सुनहरे पलों को किया याद

# शुभकामनाओं के साथ सेंट पॉल्स स्कूल के सीनियर्स को विदाई

**जागरण बुधनी।** शनिवार को बुधनी नगर के सेंट पॉल्स हायर सेकेंडरी इंग्लिश मीडियम स्कूल के जूनियर्स विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स विद्यार्थियों को कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के सम्मान के साथ भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में वातावरण उल्लास, भावनाओं और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर नजर आया जूनियर विद्यार्थियों ने अपने सीनियर साथियों के लिए स्नेह, सम्मान और शुभकामनाओं से भरा कार्यक्रम प्रस्तुत कर उन्हें भावभीनी विदाई दी।कार्यक्रम का शुभारंभ पत्रकार प्रकाश राय द्वारा दीप प्रज्वलन एवं स्वागत गीत से हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। गीत, ग़ज़ल, नृत्य, समूह नृत्य, एकल नृत्य और हास्य प्रस्तुतियों ने पूरे सभागार को तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजा दिया। विद्यार्थियों की सधी हुई प्रस्तुतियों में उनकी मेहनत, अनुशासन और रचनात्मकता साफ झलक रही थी।विदाई समारोह के दौरान विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिनमें प्रश्नोत्तरी, टैलेंट राउंड, फैशन वॉक, और मनोरंजक खेल शामिल रहे। इन



प्रतियोगिताओं ने कार्यक्रम में उत्साहका संचार किया। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने भी अपने स्कूल जीवन के अनुभव साझा करते हुए शिक्षकों और साथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कई विद्यार्थियों ने मंच से अपने स्कूल के सुनहरे पलों को याद करते हुए भावुक क्षण भी साझा किए। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पत्रकार प्रकाश राय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विदाई अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत है। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, मेहनत, नैतिक मूल्यों और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा उत्तीर्ण करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन को सही दिशा देने का माध्यम है।

विद्यालय के संचालक इफ्तेखार खान ने अपने संबोधन में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि सेंट पॉल्स स्कूल ने विद्यार्थियों को न केवल शैक्षणिक ज्ञान दिया है, बल्कि उन्हें संस्कार, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता से भी सशक्त बनाया है। उन्होंने विश्वास जताया कि विद्यालय के विद्यार्थी जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन करेंगे। विद्यालय परिवार की ओर से शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि जीवन में आने वाली चुनौतियों से घबराने के बजाय उन्हें अवसर के रूप में स्वीकार करें। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति ईमानदार रहने और निरंतर सीखते रहने की प्रेरणा दी।कार्यक्रम के अंत में सहभोज का आयोजन किया गया, जिसमें सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अतिथियों ने सहभागिता की।

### छात्राओं ने सीखे मत्स्य पालन के तरीके

**जागरण, इटारसी।** शासकीय कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने मप्र मत्स्य महासंघ पवारखेड़ा का शैक्षणिक भ्रमण किया। प्राचार्य डॉ. आरएस मेहरा के निर्देशन और प्राणीशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. संजय आर्य के मार्गदर्शन में आयोजित इस भ्रमण का उद्देश्य छात्राओं को नीली क्रांति और मत्स्य पालन के व्यावहारिक ज्ञान से रूबरू कराना था। क्षेत्र की सहायक प्रबंधक श्रीमती कविता इवने ने छात्राओं को मत्स्य पालन की आधुनिक तकनीकों के बारे में विस्तार से बताया। केंद्र में विदेशी मछली पंगेसियस के संवर्धन और उसकी विशेषताओं की जानकारी साझा की गई। नर्सरी, रियरिंग और हेचरी के सफल संचालन के गुर सिखाए गए। भ्रमण के अंत में छात्राओं ने प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए मत्स्य क्षेत्र परिसर में वृक्षारोपण किया और पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया।

**पुलिस ने दिखाया दमः** बताया सांसद, विधायक और भाजपा नेताओं से नहीं हैं वे कम, 3 गिरफ्तार

# टीआई के धमकाने पर जहर खाने के मामले में पुलिस अधिकारियों ने टीआई को दी क्लीनचिट

**जागरण, आष्टा।** पुलिस की कार्रवाई सांसद, विधायक एवं भाजपा के पदाधिकारियों पर सीधा तमाचा हैं। जहर का सेवन करने वाला वीडियों और पुलिस द्वारा 24 घंटे के विलंब से दर्ज की गई प्रथम सूचना रिपोर्ट में जमीन आसमान का अंतर हैं। पुलिस ने अपनी तरफ से अंकुश ठाकुर, ऋतेश बागवान और बाबू मोगिया के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर थाना प्रभारी नीता देहरवाल को क्लीनचिट दे दी हैं। बात साफ हैं कि शिशुपाल द्वारा जो वीडियों जारी किया गया, उस पर पुलिस ने भरोसा नहीं किया। इस प्रकार पुलिस की कार्रवाई से जनविश्वास तो खंडित हुआ ही हैं, भाजपा के नाम पर नेतागिरी करने वाले और राजकीय सत्ता का दौहन करने वालों पर यह कार्रवाई सीधा तमाचा हैं। पूछा जाना चाहिए कि आखिर ऐसा क्या हो गया हैं कि एक युवक को अपना जीवन समाप्त करने के लिए अग्रसर होना पड़ा और न्याया के लिए वीडियों भी जारी करना पड़ा।

इधर पुलिस द्वारा जो प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की हैं, उसमें कही थी, जावर टीआई नीता देहरवाल का नाम नही हैं और रात्रि को शिशुपाल के घर जाने, धमकी देने का भी उल्लेख नहीं हैं। जबकि शिशुपाल के द्वारा जारी वीडियों में उसके द्वारा नीता देहरवाल पर सीधा आरोप लगाया गया हैं। इसी प्रकार प्रथम सूचना रिपोर्ट में एक नई कहानी भी जोड़ी गई हैं, जिसके चलते 4 लाख रूपये का उल्लेख भी किया गया हैं। कुलमिलाकर पुलिस ने 24 घंटे के विलंब से जो प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की हैं, वह खुद शंका के घेरे में आ गई हैं। इस कार्रवाई से विधायक और सांसद पर भी सवालिया निशान लगने लगे हैं, आखिर क्या कारण हैं कि दोनो जनप्रतिनिधि मौन साधे हुए हैं। उन्ही के विधानसभा क्षेत्र में एक युवक जहर खाने को मजबूर होता हैं और टीआई आधीरात को घर जाकर धमकाती हैं और विधायक चुप्पी साध जाते हैं। बड़ी बात यह हैं जहर खाने वाले शिशुपाल ने चार लोगो पर आरोप लगाया, तीन लोगो पर पुलिस ने कार्रवाई की और चौथा नाम खुद टीआई जावर का था, लेकिन पुलिस ने उनकों छोड़ दिया। इसी के साथ अब जांच पर सवाल खड़े हुए हैं। क्या जांच की जांच होगी, यह भी एक प्रश्न हैं? चर्चा तो अब आदेश क्रमांक/पुमु/3/कार्मिक/1/634/ 2025 दिनांक 24 फरवरी 2025 के आदेश की भी हो रही हैं, जिसमें नीता देहरवाल का स्थानांतर शाजापुर किया गया था, जिसे उनके द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर निरस्त किया गया। इसमें भी एक पेच यह हैं कि शाजापुर स्थानांतर होने के बाद उनकों जावर में पदस्थ किया गया। इछावर थाने से छोडे गए डंपर की जांच रिपोर्ट को समूचा जिला जानना चाहता हैं कि आखिर प्रदेश के मुख्यमंत्री के निर्देश पर टीआई पर की गई कार्रवाई की जांच में क्या हुआ?

जैसा की दैनिक जागरण ने 17 जनवरी को प्रकाशित समाचार में व्यक्त किया था कि कार्रवाई के संकेत हैं, लेकिन संकेत से नागरिकों में संतुष्टि नहीं होती हैं। नागरिक सीधे तौर पर टीआई पर भी कार्रवाई चाहते हैं। कार्रवाई तो हुई, लेकिन टीआई पर नहीं और यह संकेत दैनिक जागरण ने पहले ही दे दिए थें। जांच प्रभावित होगी, यह भी बताया गया था और ऐसा हुआ भी। अब देखना दिलचस्प होगा कि करणी सेना क्या करती हैं? यह देखना भी दिलचस्प होगा कि सांसद और विधायक विवादास्पद और जनविश्वास खो देने वाली टीआई के विरूद्ध कार्रवाई करने के लिए आगे आते हैं या फिर मौन साध लेते हैं, यह सब बिंदु आगे जाकर मुद्दे में बदलेगें? फिलहाल तो पुलिस ने अपने अधिकारी को बचाकर यह बता दिया हैं कि नेता अपने को चाहे कितना ही बड़ा क्यों ना समझे, होगा वही जो पुलिस अधिकारी चाहेगें। ऐसे में नागरिकों की स्थिति खुद बा खुद स्पष्ट हो जाती हैं। इतना तय हैं कि जो जनप्रतिनिधि अपने नागरिकों के लिए संघर्ष नहीं कर सकते, उनके लिए नागरिक भी समय आने पर मौन साध लेते हैं।

जावर से लेकर आष्टा तक अब चर्चा चल पड़ी हैं कि हजारों लाखों लोगो ने जो वीडियों देखा उसकों कैसे गलत माने और पुलिस को सही। इस घटना से पुलिस के अधिकारियों ने यह तय कर दिया हैं कि नागरिक की जान की कोई कीमत ही नहीं हैं। इधर सूत्रो से रिस कर जिस प्रकार की जानकारी मिल रही हैं, उसके अनुसार उच्च स्तर पर यह तय हुआ हैं कि पुलिस कार्रवाई करे और उसके बाद टीआई को हटाया जायेगा? यह सौदा कौन और किसने किया हैं, यह ज्ञात नही हैं।

जावर टीआई के इंदौर जाने के संबंध में पूछा गया, तो पुलिस अधिकारी का जवाब आया की वे बयान लेने के लिए गई थी। जब फिर पूछा कि वापस क्यों बुलाया, तो उत्तर मौन के रूप में सामने आया। अब पुलिस अधिकारी को कौन बताए कि इमानदारी से कार्रवाई करते तो जावर में ही तहसीलदार को बयान के लिए बुला सकते थें, लेकिन जानबूझकर ऐसा नहीं किया। जब दबाव बना तो तीन लोगो पर कार्रवाई की। दबाव का ही परिणाम था कि एफआईआर में धारा 108, 308, 156 एवं 3/5 बीएनएस का उल्लेख किया, बाद में धारा 156 को काटकर धारा 56 लिखी गई। तीनों युवक हिरासत में हैं। अब बाल सांसद, विधायक और भाजपा नेताओं, पार्टी पदाधिकारियों एवं करणी सेना के पाले में हैं। देखा होगा कि जनविश्वास खो चुकी टीआई जिसकी कार्यप्रणली पूरी तरह उजागर हो गई हैं, को सांसद, विधायक सीहोर जिले से बिदा करते हैं या नहीं?

## ओलंपियाड प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने लिया भाग



**जागरण, आष्टा।** ओलंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार एवं शनिवार को जिला स्तरीय किया, प्रतियोगिता के लिए हर ब्लाक स्तर पर एक परीक्षा केंद्र बनाया गया बीआरसीसी अजब सिंह राजपूत ने बताया कि आष्टा में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में परीक्षा केंद्र बनाया गया ओलंपियाड परीक्षा के सफल आयोजन हेतु कंट्रोल रूम स्थापित कर मनोज कुमार विश्वकर्मा, श्रीमती शालिनी सारासिया श्रीमती प्रतिमा भावक को दायित्व सौंपा गया।

ओलंपियाड प्रभारी फूलचंद सांकले ने बताया कि कक्षा 2 से 8 तक के बच्चों ने उक्त परीक्षा ओ एम आर शीट पर दी, जो कि दो दिन गुरुवार 16 जनवरी को प्रातः 10 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक तीन पारी एवं शुक्रवार 17 जनवरी को प्रातः 10 बजे से 5:30 तक चार पारी में कक्षा दो से आठ तक सभी विषयों पर संपन्न हुई, जिसमें कुल लक्षित 896 बच्चों में से 683 बच्चों ने सहभागिता की। यह परीक्षा राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होती हैं, जिसमें छात्रों के लिए अपने ज्ञान, समस्या समाधान कौशल और महत्वपूर्ण सोच क्षमताओं को प्रदर्शित करने के लिए एक प्लेटफार्म मिलता हैं। ओलंपियाड परीक्षा प्रतिस्पर्धा परीक्षा हैं, जो सभी विषयो में छात्रों के ज्ञान का आकलन करती हैं। जिला परियोजना समन्वयक आरआर उइके द्वारा बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस मौके पर बीआरसीसी अजबसिंह राजपूत, साक्षरता मिशन के सह समन्वयक अनिल कुमार श्रीवास्तव, महेंद्रसिंह मालवीय बाबूजी, देवजी मेवाड़ा, मनोहरलाल विश्वकर्मा, हरेंद्रसिंह ठाकुर सहित समस्त जन शिक्षक मौजूद थें। परीक्षा के आयोजन हेतु जनशिक्षक जगदीश मालवीय, कृष्णकुमार सोनी माध्यमिक शिक्षक एवं जन शिक्षक केदारसिंह परमार, राकेश सूर्यवंशी ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

## भविष्य जैन ने नव्वाणु यात्रा की पूर्ण, नगर के लोगों ने दी बधाई

**जागरण, आष्टा।** नगर के प्रतिष्ठित होटल व्यापारी पवन जैन चौरड़िया मंडी गेट, श्रीमती राखी जैन के सुपुत्र एवं कुणाल जैन के छोटे भाई भविष्य जैन नानू ने कठोर तपस्या करते हुए गिरिराज की नव्वाणु (108) यात्रा पूर्ण कर परिवार सहित पूरे जैन समाज को गौरवान्वित किया हैं। ठंड, गर्मी, कंठ सुखाती प्यास और उपवास जैसे कष्टों के बीच दृढ़ संकल्प और प्रभु दर्शन की उत्कट भावना के साथ भविष्य जैन नानू ने यह कठिन तप सफलतापूर्वक संपन्न किया। पवन जैन चौरड़िया एवं कुणाल जैन ने बताया कि भविष्य जैन नानू के मन में आए शुभ भावों के अनुरूप उन्होंने शाश्वत गिरिराज की नव्वाणु यात्रा का कठिन संकल्प लिया, जिसे दादा के आशीर्वाद से पूर्ण किया।



भविष्य जैन नानू (चौरड़िया) द्वारा नव्वाणु यात्रा पूर्ण करने पर वरिष्ठ समाजसेवी पारसमल सिघंवी, विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं इतिहासकार सुधीर पाठक, भाजपा जिला उपाध्यक्ष धारासिंह पटेल, मार्केटिंग के पूर्व अध्यक्ष कृपालसिंह पटाड़ा, पूर्व नपाध्यक्ष डॉ. मीना सिंगी, पूर्व मंडी संचालक रायसिंह मेवाड़ा, समाजसेवी प्रदीप धाड़ीवाल, निर्मलकुमार रांका एडवोकेट, प्रवीण धाड़ीवाल, कांग्रेस नेता विनित सिंगी, भाजपा नेता उमेश शर्मा, संजय सिघंवी, एआईसीसी सदस्य हरपाल ठाकुर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रूपेश राठौर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्रसिंह मेमदाखेड़ी, भाजपा नगर अध्यक्ष अंजनी विशाल चौरसिया, मोहित सोनी, अक्षत पाठक, चेतन छाजेड़, सोनू मेवाड़ा आदि लोगो ने बधाई दी।

## भगवान आदिनाथ का मोक्ष कल्याणक पर्व मनाया

**जागरण, आष्टा।** नगर में जैन शासन के प्रथम तीर्थंकर श्री ऋषभदेव आदिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महामहोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर नगर के समस्त दिगंबर जिनालयों में भगवान की प्रतिमाओं पर अभिषेक, शांतिधारा एवं निर्वाण कांड पाठ के साथ मोक्ष फल अर्पित किए गए।



नगर के दिगंबर जैन किला मंदिर पर मुनिश्री विश्वसूर्य सागर मुनिराज एवं मुनिश्री साध्य सागर मुनिराज के सानिध्य में दो दिवसीय धार्मिक आयोजन आयोजित किए गए। किला और नेमिनाथ मंदिर में विशेष रूप से संगीतमय आदिनाथ महामंडल विधान का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने अर्घ्य अर्पित किए। इस अवसर पर किला मंदिर में भगवान आदिनाथ की प्राचीनतम अतिशयकारी भू-गर्भ से प्राप्त दो प्रतिमा, जिसमें से एक पार्वती नदी से प्राप्त हुई हैं, पंडाल में अष्टधातु की प्रतिमा विशेष रूप से विराजित की गई। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर स्थापित भगवान आदिनाथ की प्रतिमा के समक्ष भी लाभार्थियों राजेश कुमार सनी जैन, संजय संदीप जैन चाय घर एवं अरुण कुमार अमित कुमार श्रीमोड़ परिवार सहित उपस्थित समाजजनों द्वारा मोक्ष फल अर्पित किए गए। बड़े बाबा आदिनाथ भगवान आचार्य विद्यासागर महाराज एवं आचार्य समय सागर महाराज के चित्र का अनावरण एवं दीप प्रज्वलन अजीत कुमार श्रेयांश कुमार जैन, सौरभ सुनील श्रीमोड़, मुकेश मृदुल बड़जात्या, अरुण अमित श्रीमोड़ द्वारा किया गया। मुनि द्वय के पाग प्रक्षालन का लाभ सूरजमल निर्मल कुमार जैन हर्जाखेडी द्वारा लिया गया। विधान के दौरान हम जैन कुल में जन्मे अभिमान करो रे सम्मान करो रे गुणगान करो रे, जैसे भक्ति गीतों पर श्रावक-श्राविकाओं ने नृत्य करते हुए भक्ति प्रकट की। शनिवार को मंगलाष्टक पाठ एवं नित्य पूजा के उपरांत संगीतमय श्री आदिनाथ महामंडल विधान बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। विधान में अर्घ्य समर्पणए निर्वाण लाडू एवं मोक्ष फल अर्पण का सौभाग्य समाजजनों ने प्राप्त किया।

## बेटी का कभी अपमान ना करें : कविता दीदी

**जागरण, आष्टा।** ग्राम खड़ीहाट में चलरही श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस में व्यासपीठ पर विराजी कथा वाचक कविता दीदी ने संबोधित करते हुए कहा की बेटी का कभी अपमान ना करें हमारा देश आदिकाल से मातृ प्रधान रहा है शास्त्रों में भी प्रमाण हैं, सीताराम, राधेश्याम, कोशल्या नंदन, सुमित्रानंदन आदि-आदि हैं। आज गलत खान पान की वजह से देश मे अपराध बढ रहे हैं। बेटियो को भी फूहड़ वीडियोगीतों पर आधे कपड़े पहन कर अश्लील गानों पर नाचने से बचना चाहिये। आज का युवा युवतियां सोशल मीडिया में जल्दी प्रसिद्ध होने के चक्कर में अपनी आस्मियत को ना परोसे। इस दौरान धारासिंह पटेल, भुरू मुकाती, मानसिंह इलाही, धरमसिंह आर्य, सुनील आर्य, कृपाराम मितवाल, विष्णु परमार, किशोर डांगर, गलतन डांगर आदि मौजूद थें।

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के शैक्षणिक अभिलेखों में मेरे पक्षकार का नाम राजेंद्र सिंह (RAJENDRA SINGH) पिता विजय सिंह (VIJAY SINGH) अंकित है जबकि मेरे पक्षकार के पहचान पत्र (आधार कार्ड) में मेरे पक्षकार का नाम राजेंद्र सिंह ठाकुर (RAJENDRA SINGH THAKUR) पिता विजय सिंह ठाकुर (VIJAY SINGH THAKUR) अंकित है उक्तदोनों नाम एक ही व्यक्ति के है अर्थात दोनों मेरे पक्षकार के ही नाम है भविष्य में मेरे समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय शैक्षणिक बैंक एवं अन्य सभी अभिलेखों में मेरे पक्षकार का सही व पूर्ण नाम राजेंद्र सिंह ठाकुर माना जाए इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर लिखित रूप में अवगत करा सकता है।

दिनांक :17/01/2026 स्थित : जावर

विजय वर्मा अधिवक्ता
तहसील कार्यालय के सामने जावर जिला सीहोर (म.प्र.) मो. 9827349899

## इंदौर-कोटा इंटरसिटी की चपेट में आने से युवक की मौत

**जागरण बेरछा।** थाना क्षेत्र के ग्राम आक्या चौहानी में शुक्रवार शाम को एक्सप्रेस ट्रेन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। इस घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण व परिजन मौके पर पहुंच गए। बेरछा पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रेन संख्या 22984 इंदौर.कोटा इंटरसिटी एक्सप्रेस की चपेट आने से 36 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान अनिल पिता रमेशचंद्र के रूप में हुई है, जो ग्राम आक्या चौहानी का निवासी था। वह वर्तमान में उज्जैन में रहकर काम करता था और मकर संक्रांति पर्व पर गांव आया था। शनिवार को जिला चिकित्सालय में मृतक का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा गया।

## 14 मार्च को लगेगी नेशनल लोक अदालत

**जागरण शाजापुर।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के मार्गदर्शन में आगामी 14 मार्च 2026 शनिवार को शाजापुर और आगर मालवा जिले में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन जिला मुख्यालयों सहित सभी तहसील न्यायालयों में एक साथ होगा। लोक अदालत में आपराधिक शमनीय मामले, चेक बाउंस (धारा 138), बैंक रिकवरी, मोटर दुर्घटना दावा, वैवाहिक विवाद, श्रम विवाद और भूमि अधिग्रहण जैसे मामलों का निराकरण आपसी सहमति से किया जाएगा। इसके अलावा बिजली व जल कर संबंधी प्रीलिटिगेशन मामलों में भी राहत दी जाएगी। प्राधिकरण ने बताया कि लोक अदालत की तैयारी के लिए जल्द ही प्रारंभिक बैठकों का दौर शुरू होगा। पक्षकारों से अपील की गई है कि वे अपने लंबित मामलों के त्वरित निपटारे के लिए इस अवसर का लाभ उठाएं।

## एनएच-52 पर दो बाइकों में भीषण भिड़ंत

**जागरण शाजापुर।** नेशनल हाईवे-52 स्थित बिजाना जोड़ के पास दो बाइकें आपस में टकरा गईं। इस दुर्घटना में चार लोग घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल शाजापुर पहुंचाया गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार उमरियाताज निवासी ईश्वरसिंह अपनी बाइक पर महिला मंजू और बच्चे मयंक के साथ सवार होकर उज्जैन जिले के घटिया घोसला स्थित ग्राम टुकराल जा रहे थे। जैसे ही वे नेशनल हाईवे-52 पर बिजाना जोड़ के समीप पहुंचे, तभी सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई।

# केशव बस्ती में हिंदू सम्मेलन संपन्न, 3300 हिंदुओं ने परिवार सहित की सहभागिता





**जागरण शाजापुर।** केशव बस्ती की श्री काशी विश्वनाथ हिंदू सम्मेलन समिति के द्वारा स्थानीय मल्हार गार्डन में भव्य एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। सम्मेलन में समाज की एकताए समरसता और राष्ट्र चेतना का सशक्त संदेश दिया गया। कार्यक्रम में करीब 3300 हिंदुओं ने परिवार सहित सहभागिता कर समरसता का भोजन ग्रहण किया। कार्यक्रम में मातृशक्ति के रूप में श्रीमती संतोष शर्मा कवित्री एवं सामाजिक कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आचार्य मोहन जी आर्य रहे। जो कि होशंगाबाद गुरुकुल में उप आचार्य के पद पर कार्यरत हैं। वहीं मुख्य वक्ता के रूप में श्रीनाथजी गुप्ता उपस्थित थें, जो कि उद्योगपति एवं मशीनरी व्यवसाय से जुड़े होने के साथ-साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मालवा प्रांत के प्रांत सह कार्यवाहक हैं। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना के साथ की गई। इसके पश्चात बच्चों एवं युवाओं द्वारा प्रस्तुत संस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बाद भारत माता का पूजन अतिथियों द्वारा विधिवत रूप से किया गया।मुख्य अतिथि आचार्य मोहन जी आर्य ने अपने उद्बोधन में समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए आवश्यक पांच नियमों का उल्लेख करते हुए कहा कि जब तक व्यक्ति अपने जीवन में अनुशासनए सेवा और संस्कारों को नहीं अपनाताए तब तक सशक्त समाज का निर्माण संभव नहीं है। उन्होंने हिंदू समाज को संगठित रहकर राष्ट्रहित में कार्य करने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता श्रीनाथजी गुप्ता ने अपने प्रेरक संबोधन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर संघ की यात्राए उद्देश्य और कार्यशैली पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शताब्दी वर्ष में संघ का लक्ष्य अखंड भारत और समरस समाज की स्थापना की दिशा में अधिक सशक्त प्रयास करना है। उन्होंने एक पंगत एक संगत के विचार को सामाजिक समरसता की मजबूत नींव बताया।

## मंत्री पटेल ने माँ बगलामुखी की पूजा अर्चना कर किया हवन



**जागरण नलखेड़ा।** प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम विभागए मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल शनिवार को प्रातः 8. 00 बजे के करीब विश्व प्रसिद्ध माँ बगलामुखी मंदिर नलखेड़ा पहुंचे। मंत्री पटेल ने माँ बगलामुखी के दर्शनए पूजन कर मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से हवन भी किया। मंत्री पटेल के मां बगलामुखी मंदिर पहुंचने पर भाजपा नेताओं एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने उनकी अगवानी कर स्वागत किया।

**ग्राम पंचायत सचिवों एवं आउटसोर्स कर्मचारीयों ने अपनी मांगों को लेकर दिया ज्ञापन**-पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल के मां बगलामुखी मंदिर पहुंचने पर पंचायत सचिव संगठन के पदाधिकारी द्वारा मंत्री पटेल का स्वागत सम्मान कर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मंत्री पटेल को ज्ञापन देकर अपनी मांगों को पूरा करने का निवेदन किया।

## इंदौर जल त्रासदी पर न्याय के लिए शाजापुर में कांग्रेस का उपवास




**जागरण शाजापुर।** इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी पीने से हुई मौतों के मामले में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए शनिवार को शाजापुर जिला कांग्रेस ने हुंकार भरी। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला मुख्यालय स्थित बस स्टैंड पर कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एक दिवसीय उपवास रखकर अपना विरोध दर्ज कराया। बस स्टैंड पर आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस जन शामिल हुए। प्रदर्शन स्थल पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तस्वीर के सामने कांग्रेस नेताओं ने मौन और उपवास के जरिए सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। कार्यकर्ताओं के हाथों में तख्तियां थीं, जिन पर भागीरथपुरा की जनता को न्याय दो और सरकार विरोधी नारे लिखे हुए थे।

### सत्ता पक्ष और प्रशासन पर साधा निशाना

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि इंदौर में इतनी बड़ी घटना के बावजूद अब तक न तो जिम्मेदार अधिकारियों पर कोई कड़ी कार्रवाई हुई है और न ही पीड़ित परिवारों को न्याय मिला है। इंदौर में भाजपा के जनप्रतिनिधि होने के बावजूद जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है और जान गंवा रही है।

इस अवसर पर शाजापुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सहित जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। प्रदर्शन के अंत में दो मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई और प्रशासन को चेताया गया कि यदि जल्द ही दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

## सांदीपनि विद्यालय में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

**जागरण नलखेडा।** सांदीपनि विद्यालय नलखेडा में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम अन्तर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं स्नेह भोज का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन अर्चन के साथ हुआ।

शनिवार को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों चक दे इंडिया,जलवा तेरा जलवा, तेरा रंग दे बसंती चोला, फिर भी दिल है हिंदुस्तानी की पैरोडी एवं लोकनृत्यों पर छात्राओं के समूह द्वारा आकर्षकएकलात्मक एवं भव्य प्रस्तुति दी गई।

इस वर्ष कक्षा 9 वी से लेकर कक्षा 12 वी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं एकक्षा में सर्वाधिक उपस्थितिएविभिन्न गतिविधियों एवं खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किये गए।

## अस्पताल में चोरों के हौसले बुलंद मोबाइल चोरी कर भागा अज्ञात बदमाश

**जागरण शाजापुर।** जिला अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था के दावे एक बार फिर खोखले साबित हुए हैं। अस्पताल परिसर में सक्रिय चोर गिरोह ने एक और वारदात को अंजाम देते हुए मरीज के परिजन का मोबाइल पार कर दिया। हैरानी की बात यह है कि घटना के बाद पीड़ित करीब एक घंटे तक सीसीटीवी फुटेज देखने के लिए अस्पताल प्रबंधन के पास गुहार लगाता रहा, लेकिन उसे कोई सहयोग नहीं मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार उज्जैन जिले के ग्राम नादेड़ा निवासी लाखनसिंह अपनी भाभी की डिलीवरी के कारण पिछले कुछ दिनों से जिला अस्पताल में ठहरे हुए थे। शनिवार सुबह करीब 5 बजे उन्होंने अपना मोबाइल फोन चार्जिंग पर लगाया था। इसी दौरान किसी अज्ञात बदमाश ने मौका पाकर मोबाइल चुरा लिया। जब लाखन सिंह की नींद खुली, तो मोबाइल गायब देख उनके होश उड़ गए।



### प्रबंधन की लापरवाही, फुटेज के लिए भटकता रहा पीड़ित

मोबाइल चोरी होने के बाद पीड़ित ने तुरंत अस्पताल प्रशासन से सीसीटीवी फुटेज दिखाने का आग्रह किया ताकि चोर की पहचान हो सके। आरोप है कि पीड़ित करीब एक घंटे तक जिम्मेदारों के चक्कर काटता रहा, लेकिन उसे फुटेज नहीं दिखाए गए और न ही कोई संतोषजनक जवाब दिया गया। थक-हारकर पीड़ित ने दोपहर करीब 12 बजे अस्पताल स्थित पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई।

### सुरक्षा पर उठे सवाल

जिला अस्पताल में लगातार हो रही चोरी की वारदातों ने यहां की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। मरीजों और उनके परिजनों का कहना है कि अस्पताल में रात के समय सुरक्षा गार्डों की गश्त ना के बराबर है, सीसीटीवी कैमरे होने के बावजूद समय पर उनका लाभ पीड़ितों को नहीं मिल पाता। मरीजों के परिजनों ने मांग की है कि परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं।

## न्यूज कार्नर

### खेलो एमपी यूथ गेम्स अंतर्गत पिट्ठू प्रतियोगिता सम्पन्न

**देवास।** जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी सुश्री सेना गाडरिया ने बताया कि खेल और युवा कल्याण विभाग तथा देवास जिला पिट्ठू संघ द्वारा खेलों एम.पी.यूथ गेम्स 2025 के अंतर्गत जिला स्तरीय पिट्ठू प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय श्रीमंत तुकोजीराव पवार स्टेडियम में किया गया। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार ने प्रदेश में पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस वर्ष से खेलों एम.पी.यूथ गेम्स में पिट्ठू खेल को सम्मिलित किया गया।

### आयुक्त ने किया वार्डों का औचक निरीक्षण

**देवास।** आयुक्त दलीप कुमार ने वार्ड 12 में स्थित चंद्रशेखर आजाद मल्टी में किये जाने वाले जल सप्लाय के पानी की टंकी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टंकी की सफाई के निर्देश निगम प्रभारी कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती को दिये। साथ ही आयुक्त ने वार्ड 13 में भी भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान मेंढकी स्थित वार्ड में कचरा पाइंट मिलने पर तत्काल कचरा उठवाये जाने के निर्देश देते हुए वार्ड में कहीं भी कचरा पाइंट नहीं बने, इस हेतु वार्ड दरोगा को चेतावनी देते हुए सख्त निर्देश दिये। इसी प्रकार मयूर पार्क व मेंढकी में स्थित श्मशान का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसौदिया को व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिये।

### नेमावर में निर्झरणी महोत्सव 25 को

**देवास।** देवास जिले में नर्मदा जयंती के अवसर पर 25 जनवरी को जिला प्रशासन के सहयोग से संस्कृति विभाग द्वारा नेमावर के नागर घाट पर निर्झरणी महोत्सव का आयोजन किया जायेगा।

### नेत्रदान पर आभार पत्र भेंट



**सोनकच्छ।** शुक्रवार को श्रीमती गीतादेवी शर्मा का निधन हो गया। जिनके परिजनों की सहमति पर उनके नेत्रदान किए गए। इंदौर की एक आई बैंक के टेक्नीशियन द्वारा नेत्र संग्रह किए। इस कार्य में संगठन वैश्य महासम्मेलन व रोटरी क्लब का सहयोग रहा। बैंक द्वारा परिजनों को आभार पत्र भेंट किया। यहां क्लब के सत्यनारायण लाठी, हुकमचंद अग्रवाल, दिनेश राठौर, महेशचंद्र राठौर, दिनेश कारपेंटर, राजासिंह बघेल, विनोद राठौर विशेष रूप से उपस्थित थे।

### राणा मप्र बलाई महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष बने



**देवास।** अखिल भारतीय श्री बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार ने देवास के अधिवक्ता विजेन्द्र राणा को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। राणा की नियुक्ति पर स्नेहीजनों ने बधाई प्रेषित की है।

### छोगालाल अहिरवार बने जिलाध्यक्ष

**देवास।** संत रविदास अहिरवार समाज संघ की बैठक वार्ड क्रमांक 45 नागदा में सम्पन्न हुई। बैठक का शुभारंभ संघ के संभागीय अध्यक्ष सुरेश कुसमारिया, पार्षद प्रतिनिधि मुकेश मोदी, संभागीय कोषाध्यक्ष कमल हनोतिया, संभागीय उपाध्यक्ष महेश परमार, संभागीय सचिव विनोद चौहान, श्याम चौहान आदि ने संत रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। बैठक में आगामी माह में आने वाली संत रविदास जयंती को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए आयोजन करने का निर्णय लिया। साथ ही संभागीय अध्यक्ष कुसमारिया ने सभी पदाधिकारियों की अनुशंसा पर संत रविदास अहिरवार समाज संघ का देवास जिलाध्यक्ष छोगालाल अहिरवार को मनोनीत किया। मनोनयन पर समाजजनों ने स्वागत कर बधाई दी।

### संचालकों और प्राचार्य की बैठक

**जागरण, सागर।** विकासखंड रहली में एसडीएम कुलदीप पाराशर ने अशासकीय विद्यालयों के संचालकों और प्राचार्य की बैठक की।

# स्लीपर बसों की जांच के लिए अलसुबह चार बजे परिवहन विभाग की कार्यवाही


**नियम विरुद्ध चल रहीं स्लीपर बसों की जांच, 58 हजार रुपए शमन शुल्क वसूला**





**देवास।** जिले में कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार परिवहन विभाग द्वारा लगातार जांच कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती निशा चौहान एवं उनके दल द्वारा स्लीपर यात्री बसों में सुरक्षा मानकों की जाँच के लिये विशेष जांच अभियान चलाया गया। जांच कार्यवाही में जिला परिवहन अधिकारी द्वारा शनिवार अलसुबह 4 बजे से ही देवास शहर के मक्सी रोड पर स्लीपर कोच यात्री बसों को रोककर जांच की गई। जांच के दौरान शासन द्वारा स्लीपर बसों के लिये निर्धारित किये गये मापदण्डों की जाँच की गई। परिवहन अधिकारी द्वारा सख्ती से स्लीपर बसों पर कार्यवाही करते हुए बसों में अग्निशमन यंत्र, आपातकालीन द्वार, पार्टीशन गेट, स्लाईडर, पैनिक बटन इत्यादि की जाँच की गई। इस दौरान जिन वाहनों में चालक सीट के पीछे पार्टीशन गेट पाया गया, उन्हें तत्काल मौके पर निकलवाया गया। साथ ही शासन द्वारा दिये गये निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के संबंध में संबंधितों को निर्देशित किया गया। सुबह 4 बजे से लगातार कार्यवाही 5 घंटे तक चलती रही। इस दौरान परिवहन विभाग के दल द्वारा सख्ती से यात्री बसों विशेषकर स्लीपर बसों की जाँच की जाकर सुरक्षा मानकों को चैक किया गया तथा चालानी कार्यवाही भी की गई। दिन भर चली चैकिंग कार्यवाही में कुल 55 यात्री बसों को चैक किया गया, इनमें से 3 वाहनों में तत्काल मौके पर पार्टीशन गेट निकलवाए गए। साथ ही अन्य आवश्यक सुरक्षा मानकों को पूर्ण किये जाने हेतु सख्ती से निर्देशित किया गया। जांच कार्यवाही में 7 वाहनों पर चालानी कार्यवाही भी की गई, जिससे 58 हजार रुपए शमन शुल्क वसूल किया गया। वाहनों की जॉच किये जाने के उपरांत जिन वाहनों में कमियां पाई गई, उन्हें परिवहन अधिकारी द्वारा शीघ्र ही उपरोक्त कमियां पूर्ण कर वाहन भौतिक सत्यापन के लिये परिवहन कार्यालय में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। परिवहन कार्यालय द्वारा स्लीपर यात्री बसों के स्वामियों को शासन द्वारा निर्धारित सुरक्षा मापदण्ड पूर्ण किये जाने हेतु नोटिस जारी किये गये हैं, निर्धारित समय सीमा में सुरक्षा मापदण्ड पूर्ण नहीं करने की स्थिति में परिवहन कार्यालय द्वारा फिटनेस निरस्ती के साथ ही अन्य आवश्यक कार्यवाही भी की जावेगी। आज की गई कार्यवाही में जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती निशा चौहान, परिवहन उप-निरीक्षक श्रीमती मीनाक्षी गोखले, जसवंत सिंह दौहरे, सरफराज खान, निलेश साल्वे, बाबूलाल देवड़ा, शाकिर खान, भगतसिंह भलावी आदि अधिकारी-कर्मचारी शामिल थे।

# देवास की 13 बस्तियों सहित पूरे अंचल में आज हिंदू सम्मेलन




**देवास।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष अंतर्गत हिंदू सम्मेलनों का आयोजन पूरे जिले में किया जा रहा है। गत 11 जनवरी को देवास नगर सहित अंचल में हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में 18 जनवरी को देवास नगर की 13 बस्ती बीएनपी बस्ती, प्रताप बस्ती, बिलावली बस्ती, उत्तम नगर, राजाराम नगर, विकास नगर, अमोना, बावड़िया, बालगढ़, मल्हार, उपासना, भवानी सागर, रेवाबाग में हिन्दू सम्मेलन आयोजित होंगे। इसी प्रकार सोनकच्छ एवं हाटपीपल्या नगर में भी बस्ती हिन्दू सम्मेलन का आयोजन रविवार को होगा। इसी तरह पीपलरावां खंड के गंधर्वपुरी, गढ़खजुरिया एवं तालोद मंडल, टोंकखुर्द खण्ड के पाड़ल्या, गोरवा एवं बुदासा मंडल, देवास ग्रामीण खण्ड के रालामंडल, नेवरी एवं सिंगावदा, बरोठा खण्ड में क्षिप्रा एवं सिरोल्या मंडल में भी रविवार को हिन्दू सम्मेलन आयोजित होंगे।

# कलेक्टर ने जिले के लिए वर्ष भर के स्थानीय अवकाश घोषित किए

**देवास।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ऋतुराज सिंह द्वारा वर्ष-2026 के लिए देवास जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किए गए है। घोषित किए गए अवकाशों में चैत्र दुर्गा अष्टमी 26 मार्च 2026 को संपूर्ण अनुभाग क्षेत्र खातेगांव में अवकाश रहेगा। नागपंचमी 17 अगस्त को तहसील सतवास संपूर्ण क्षेत्र, डोल ग्यारस 22 सितंबर कन्नौद, बागली अनुभाग, अनंत चतुर्दशी 25 सितंबर देवास, सोनकच्छ, टोंकखुर्द अनुभाग में अवकाश रहेगा। महानवमी (दुर्गा नवमी) 19 अक्टूबर को देवास, सोनकच्छ, बागली टोंकखुद्र और खातेगांव अनुभाग क्षेत्र में अवकाश रहेगा। भाईदूज 11 नवंबर को संपूर्ण जिले में अवकाश रहेगा। यह घोषित स्थानीय अवकाश कोषागारों/उप कोषागारों एवं बैंकों पर लागू नहीं होंगे।

# जैन तीर्थ शिवपुर मार्ग पर आवासीय पट्टों के वितरण पर रोक की मांग

**जिलाधीश को सौंपा ज्ञापन, अहिंसा मार्ग की गरिमा बनाए रखने का आग्रह**

**देवास।** ग्राम मातमौर से शिवपुर स्थित जैन तीर्थ मंदिर तक जाने वाले मार्ग पर शासन द्वारा प्रस्तावित आवासीय पट्टों के वितरण पर रोक लगाने की मांग को लेकर जैन तीर्थ न्यास शिवपुर मातमौर द्वारा जिलाधीश देवास को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में तीर्थन्यासी अजय संघवी एवं समाजसेवी श्रीमती चित्र जैन की ओर से बताया गया कि शिवपुर मातमौर तहसील बागली जिला देवास में स्थित जैन तीर्थ प्रदेश के प्रमुख तीर्थ में से एक है। इस तीर्थ की स्थापना आचार्य भगवंतश्री वीर रत्न सूरीश्वर महाराज द्वारा मुख्य मार्ग से लगभग 2.5 किलोमीटर दूर शांति एवं साधना के उद्देश्य से की गई थी। न्यास द्वारा बताया गया कि तीर्थ परिसर में वर्तमान में पाँच मंदिर, गुरु मंदिर का भव्य निर्माण, सर्वसुविधायुक्त धर्मशाला, भोजनशाला सहित अन्य धार्मिक व्यवस्थाएं हैं। यहाँ जैन एवं अजैन श्रद्धालुओं का सतत आवागमन रहता है। इसी मार्ग पर राधास्वामी सत्संग आश्रम, हाई सेकेंडरी स्कूल भी स्थित हैं। ज्ञापन में चिंता जताई गई कि यदि उक्त मार्ग पर मांसाहार, मदिरापान करने वाले निवासियों को आवासीय पट्टे वितरित किए गए तो इससे मार्ग की पवित्रता भंग होगी, असंतोष उत्पन्न होगा तथा यात्रियों, साधु-साध्वियों के आवागमन में बाधा आएगी। साथ ही पशुपालन एवं अवैध व्यवसायों की संभावना से अहिंसा मार्ग की अवधारणा प्रभावित होगी। न्यास ने यह भी उल्लेख किया कि उक्त मार्ग को अहिंसा मार्ग घोषित करने संबंधी कार्यवाही पूर्व में की जा चुकी है। ज्ञापन में मांग की गई कि मातमौर से विस्थापित होने वाले परिवारों को इस मार्ग के स्थान पर मातमौर के अन्य उपयुक्त शासकीय स्थानों पर पट्टे आवंटित किए जाएं। जैन तीर्थ ट्रस्ट एवं समस्त जैन समाज ने प्रशासन से विनम्र आग्रह किया है कि तीर्थ की धार्मिक गरिमा, शांति एवं अहिंसात्मक वातावरण को बनाए रखने हेतु उक्त मार्ग पर पट्टा वितरण पर रोक लगाकर वैकल्पिक स्थानों पर आवंटन किया जाए।



# क्षिप्रा तट पर किसानों के हक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी ने भरी हुंकार

**देवास।** शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शिप्रा द्वारा किसान न्याय सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, सह प्रभारी संजय दत्त, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा सहित जिले भर के कांग्रेस जन एवं किसान सम्मेलन में पहुंचे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि आज प्रदेश में भाजपा सरकार किसानों के साथ छलावा कर रही है। वादे किसानों के हित में किया जा रहे है, लेकिन उन्हें पूरा नहीं किया जा रहा है। मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि प्रदेश में आप कांग्रेस की सरकार बनाए, हमारी सरकार किसानों को गेहूं का चार हजार रुपए एवं सोयाबीन का छह हजार रुपये मूल्य दिलाएगी। उन्होंने कहा कि लैंड पुलिंग योजना किसानों के हक में नहीं है, उसे निरस्त किया जाएगा। प्रदेश की भाजपा सरकार किसान विरोधी सरकार है, हर मामले में किसानों का शोषण कर रही है। पूंजीपतियों और उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। जबकि अन्नदाता के साथ अन्याय हो रहा है। जीतू पटवारी ने इंदौर के भागीरथपुरा का उदाहरण देते हुए कहा कि देवास में भी शिप्रा नदी से जल प्रदाय किया जाता है, इसकी जांच की जाना चाहिए। वरना ऐसा ना कि देवास दूसरा भागीरथपुरा बन जाए। सम्मेलन को प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा, सचिव संजय दत्त, जिलाध्यक्ष मनीष चौधरी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण ब्लॉक अध्यक्ष सोहन पटेल ने दिया। सभा का संचालन विक्रम मुकाती ने किया एवं आभार प्रयास गौतम ने माना।





# सेना दिवस पर वाहन रैली का आयोजन

**देवास।** 15 जनवरी को 78 वे सेना दिवस के उपलक्ष्य में सैनिक संगठन द्वारा वाहन रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, पूर्व प्राधिकरण अध्यक्ष राजेश यादव, एएसपी जयवीरसिंह भदौरिया, जिला खेल अधिकारी द्वारा रैली को फ्लैग दिखाकर रवाना किया गया। रैली तुकोजीराव पवार स्टेडियम से भोपाल चौराहा, बस स्टैंड, सयाजी गेट से एम जी रोड, घंटा घर, जनता बैंक चौराहा, नयापुरा, नाहर दरवाजा से तुकोजीराव स्टेडियम पर पहुंचकर संपन्न हुई। रवि जैन सभापति, युवा भगतसिंह क्लब, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, द्वारा मंच से रैली का स्वागत किया गया।

# संत अंतोनी कान्वेंट स्कूल प्रबंधन की लापरवाही से बच्चे बीमार

**अभाविप का आंदोलन, प्राचार्य ने की गलती स्वीकार**



**सोनकच्छ।** स्थानीय संत अंतोनी कान्वेंट स्कूल में बाहरी कैंटीन की खाद्य सामग्री खाने से बच्चे बीमार हो गए, लेकिन स्कूल प्रशासन ने न तो बच्चों का उपचार कराया और ना ही अभिभावकों को सूचित किया। इस लापरवाही के खिलाफ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को स्कूल परिसर में आंदोलन करते स्कूल प्रबंधन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। गौरतलब है कि यह स्कूल मनमानी और अव्यवस्था को लेकर अक्सर समाचार पत्रों की सुर्खियों में रहता है, जो इस बार नियम विरुद्ध बाहरी कैंटीन से सप्लाई की खाद्य सामग्री खाने से दो छात्र बीमार पड़ने को लेकर फिर बार सुर्खियों में आ गया है। घटना 13 जनवरी की है, जब स्कूल में परिसर से बाहर स्थित एक कैंटीन संचालक द्वारा पोहे और समोसे बेचे, जिन्हे खाने के बाद स्कूल में पढ़ने वाले दो बच्चों की तबीयत खराब हो गई। एक बच्चे का कहना था कि समोसे में फिनाईल जैसी महक आ रही थी, जिसके बाद उसे घबराहट और उल्टी की शिकायत हुई। हैरानी की बात यह है कि स्कूल प्रबंधन ने न तो बच्चों का उपचार कराया और न ही उनके अभिभावकों को इस घटना की सूचना दी। बताया जाता है स्कूल में वर्षों से बाहरी व्यक्ति द्वारा बच्चों को नियम विरुद्ध खाद्य सामग्री बेची जा रही है। यह मामला तब और गंभीर हो गया, जब घटना की जानकारी अभिभावकों तक नहीं पहुंची। अभाविप के कार्यकर्ताओं को जैसे ही इस बात की भनक लगी, वे स्कूल पहुंचे और प्रशासन के खिलाफ आंदोलन किया। इस दौरान स्कूल में पढ़ने वाले अभाविप के सदस्य भी शामिल हुए और स्कूल प्रबंधन हाय-हाय जैसे नारे लगाए।

### शिक्षक ने लगाए आरोप, आंदोलन हुआ उग्र

**आंदोलन के** दौरान स्कूल के एक शिक्षक द्वारा छात्रों पर अनर्गल आरोप लगाने का मामला भी सामने आया, जिससे आंदोलन और भी उग्र हो गया। स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों के इस रवैये से नाराज कार्यकर्ता लगातार डटे रहे। मामले की गंभीरता को देखते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारी संतोष शर्मा मौके पर पहुंचे और उन्होंने पंचनामा तैयार किया। साथ ही सोमवार को आगे की कार्रवाई का आश्वासन दिया। उधर विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर लीसी ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान घटना में हुई गलती स्वीकार की है, लेकिन इससे पहले की लापरवाही ने एक बार फिर स्कूल प्रबंधन की छवि को धूमिल किया है। अभाविप कार्यकर्ताओं ने बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के मुद्दे पर स्कूल प्रबंधन को जवाबदेह ठहराकर एक सराहनीय भूमिका निभाई है, जिससे अभिभावकों और छात्रों में उनके प्रति भरोसा जगा है। मामले में भाजपा मंडल अध्यक्ष विजेन्द्रसिंह मनासा भी स्कूल पहुंचे थे, जिन्होंने सभी पक्षों की बाते सुनकर शिक्षा अधिकारी को उचित कार्यवाही के निर्देश दिए।



# पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक का आयोजन

**भौंरासा।** संस्था मां शारदा इंदौर द्वारा भौंरासा नगर में लगातार पार्थिव शिवलिंग निर्माण व 12 ज्योतिर्लिंगों का रुद्राभिषेक का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को भी इसी तरह का आयोजन बाबा भंवरनाथ मंदिर प्रांगण में किया गया। जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक किया। यहां महिलाओं ने भगवान शिव की आराधना की साथ ही यहां पर 12 ज्योतिर्लिंग की प्रतिमा भी लगाई गई थी। साथ ही बैनर पर ज्योतिर्लिंग की विशेषता एवं उसका पूरा महत्व भी लिखा गया था। इंदौर के पं. धनीराम तिवारी ने सभी को शिव भगवान के रूद्र अभिषेक का महत्व समझाते हुए पूजन करवाया। संस्था प्रमुख प्रमोद कुमार द्विवेदी ने कार्यक्रम में मौजूद महिला, बच्चों एवं पुरुषों को संक्रांति पर्व की बधाई देते हुए तिल-गुड़ के लड्डू आदि का वितरण किया।

# श्री सिद्ध विनायक गणेश मंदिर का 32वां स्थापना दिवस 19 को

**देवास।** श्री सिद्ध विनायक गणेश मंदिर समिति राजाराम नगर द्वारा मंदिर का 32 वां स्थापना दिवस 19 से 25 जनवरी तक मनाया जा रहा है। इस अवसर पर श्री गणेश लक्ष्मी महारूद्र यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। समिति के बाबूलाल पवार ने बताया कि आयोजन अंतर्गत 19 जनवरी को सुबह 9 बजे गणेश पूजन, दोपहर 1 बजे मंडल स्थापना होगी। 20 जनवरी को सुबह 9 से शाम 5 बजे तक यज्ञ प्रारंभ एवं अग्नि स्थापना होगी। 21 जनवरी को श्री गणेश्वर महादेव अभिषेक हवन, महाआरती रात्रि 8 बजे होगी। 22 जनवरी को सुबह 9 से शाम 5 बजे तक गणेश चतुर्थी, भव्य अभिषेक व हवन होगा। 23 जनवरी बसंत पंचमी पर ठाकुरजी, राधा रानी जी का अभिषेक सुबह 9 से शाम 5 बजे तक होगा। शाम 5 से 7 बजे तक श्री गणेश महिला मंडल द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। 24 जनवरी को सुबह 9 से शाम 5 बजे तक श्री वीर हनुमान जी का अभिषेक, चोला एवं पूर्णाहुति होगी तथा श्री सिद्धि विनायक रामायण मंडल द्वारा शाम 6 से 8.30 बजे तक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। 25 जनवरी को दोपहर 12 से शाम 6 बजे तक गणेश जी, शिवजी एवं हनुमान जी को छप्पन भोग लगाया जाएगा तथा भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर समिति ने भक्तजनों से आग्रह किया है कि उक्त आयोजन में पधारकर धर्म लाभ लें।

# ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के तहत समन्वय बैठक आयोजित

**देवास।** ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के अंतर्गत सेक्टर बरोठा क्रमांक 3 में तपस्या लोक कल्याण सामाजिक समिति एवं ग्राम विकास प्रस्फूटन समिति के बीच समन्वय स्थापित करने हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक सह परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य ग्राम स्तर पर सामाजिक सहभागिता को मजबूत करना और विकास गतिविधियों को गति देना रहा। कार्यक्रम में मप्र जन अभियान परिषद की ब्लॉक अधिकारी नीलम सोनी, तपस्या लोक कल्याण सामाजिक समिति अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राजपूत, ग्राम विकास प्रस्फूटन समिति बरोठा अध्यक्ष विमल नागर, सचिव पिंकी सहित आसपास की विभिन्न समितियों के अध्यक्ष एवं सदस्य उपस्थित रहे।